## मुद्रा की परिवर्तनीयता :-

**अर्थ :-**

उदारीकरण से जुड़ी अवधारणा जिसमें BoP से जुड़े लेन-देनों के लिए लोगों द्वारा स्वदेशी मुद्रा को विदेशी मुद्रा में तथा विदेशी मुद्रा को स्वदेशी मुद्रा मे आसानी से बदला जा सकता है

इसके अन्तर्गत BoP से जुड़े हुए विभिन्न प्रकार के प्रतिबन्धों, नियंत्रणों, सीमाओं औपचारिकताओं आदि को या तो पूर्ण रूप से हटा दिया जाता है या उन्हें पर्याप्त रूप से ढीला कर दिया जाता है।

KGS IAS
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR

## भारतीय रूपये की परिवर्तनीयता :-

- Current Account Convertibility
  ↓
  Full (पूर्ण)
  ↓
  अगस्त 1994 से
  (IMF के अनु० VIII के अन्तर्गत।)

- Capital Account Convertibility
  ↓
  Selective (चयनात्मक)
  ↓
  पूर्ण नही

निष्कर्ष :-

• भारतीय रुपया पूर्ण परिवर्तनीय नही है।

• भारतीय रुपया पूँजी खाते पर पूर्ण रूप से परिवर्तनीय नहीं है।

• भारतीय रूपये को पूर्ण परिवर्तनीय बनाने के लिए FCAC (Full Capital Account Convertibility) को लागू करना होगा

Note :-

FCAC को लागू करने के बारे में आवश्यक सुझाव देने के लिए तारापोर समिति का गठन दो बार (1996 & 2006) किया गया था लेकिन विभिन्न प्रकार के घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय कारणों के चलते इसे लागू नही किया जा सका।

KGS IAS KHAN GLOBAL STUDIES Most Trusted Learning Platform KHAN SIR

FDI = Foreign Direct Investment

विदेशी प्रत्यक्ष निवेश

---

(a) अर्थ-

किसी एक विदेशी निवेशक द्वारा मेजबान राष्ट्र की किसी एक कम्पनी की इक्विटी मे 10 प्रतिशत या इससे अधिक निवेश करना FDI कहलाता है।

(b) प्रकृति -

Stable (स्थिर)

Long Term (दीर्घकालिक)

Non-reversible (वापस नही लौटता है।)

KGS IAS
KHAN GLOBAL STUDIES
Trusted Learning Platform
KHAN SIR

(c) अनुमति के मार्ग

- दिल्ली मार्ग
  - ↓ संबंधित मंत्रालय
  - ↓ प्रतिबंधित मार्ग
  - ↓ case by case अनुमति
- मुम्बई मार्ग
  - ↓ रिजर्व बैंक
  - ↓ उदारीकृत मार्ग
  - ↓ Automatic अनुमति

(d)

प्रकार

- Greenfield FDI → नई कम्पनी की स्थापना होती है।
- Brownfield FDI → पहले से चल रही कम्पनी की इक्विटी खरीदी जाती है।

**Note:-**

तुलनात्मक रूप से Greenfield FDI अधिक अच्छा होता है क्योंकि इसमें पूँजी निर्माण, रोजगार आदि को बढ़ावा मिलता है। Brownfield FDI में केवल स्वामित्व परिवर्तन होता है।

KGS IAS
KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR

## e. FDI से संभावित लाभ

- पूँजी निर्माण को बढ़ावा मिलता है (Greenfield FDI के मामले में)
- नई तकनीकी प्राप्त होती है।
- विपणन संबंधी कौशल प्राप्त होते हैं।
- प्रबंधकीय कौशल प्राप्त होते हैं।

- निर्यातों को बढ़ावा मिलता है।
- विदेशी मुद्रा भण्डारों को स्थायी रूप से बढ़ावा मिलता है। आदि

## विदेशी पोर्टफोलियो निवेश FPI

अर्थ :-

विदेशी निवेशकों द्वारा मेजबान राष्ट्र में किया जाने वाला ऐसा निवेश जो उन्हे निवेशित संस्थाओं में नियंत्रणकारी शक्ति नही देता है

यह निवेश शेयर्स, बॉन्ड, डिबेन्चर ट्रेजरी बिल और अन्य कई प्रकार के उपकरणों में किया जा सकता है।

यह निवेश मुख्य रूप से द्वितीयक बाजार (Secondary market) से प्रवेश करता है, हालाँकि यह IPO/FPO आदि के माध्यम से प्राथमिक बाजार में भी आ सकता है।

KGS IAS KHAN GLOBAL STUDIES Most Trusted Learning Platform KHAN SIR